आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 11.03.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के नागरिकों को स्वस्थ्य जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने के लिये व्यापक स्तर पर ''फिट उत्तराखंड'' अभियान चलाया जाएगा।
- संसद ने रेलवे (संशोधन) विधेयक 2024 पारित किया। विधेयक में रेलवे बोर्ड की कार्यप्रणाली और स्वतंत्रता को बढ़ाने की मांग की गई है।
- मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, पर्यटन विभाग को "डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड" के लिए जल्द गाइडलाइन बनाने को भी कहा।
- और, चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले सड़कों, पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश।

फिट उत्तराखंड

प्रदेश में व्यापक स्तर पर ''फिट उत्तराखंड'' अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और फिटनेस के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिये प्रेरित करना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिये अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन को सभी विभागों के साथ समन्वय कर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों को भी शामिल किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि फिट उत्तराखंड अभियान के तहत योग, व्यायाम और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही, स्कूल और कॉलेजों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए ताकि युवा पीढ़ी शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सके।

रेलवे–संशोधन विधेयक 2024

संसद ने रेलवे–संशोधन विधेयक 2024 पारित कर दिया है। विधेयक को राज्यसभा ने मंजूरी दी है। लोकसभा ने इसे पिछले वर्ष ही मंजूरी दे दी थी। विधेयक का उद्देश्य रेलवे अधिनियम 1989 में संशोधन करना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे, बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, प्रौद्योगिकी अपनाने और सुरक्षा में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए निरंतर सुधार कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में 34 हजार नई पटरियां बिछाई गई हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि इस दौरान 45 हजार किलोमीटर रेल

लाइन का विद्युतीकरण किया गया ळें इस विधेयक का उद्देश्य रेलवे बोर्ड की शक्ति बढ़ाना और कार्यप्रणाली तथा स्वतंत्रता को बढ़ाना है।

## वर्चुअल बातचीत

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आम जनता तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिये सरकारी कार्मिकों को सेवा व सुशासन को प्राथमिकता देनी होगी। पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर विकास खंड के स्थानीय निवासियों से साथ वर्चुअल माध्यम से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सी०एम० डैशबोर्ड और सी०एम० हेल्पलाइन की व्यवस्था जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए की गई है। साथ ही, समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए रैपिड सॉल्यूशन टीम को पहले चरण में पौड़ी जिले में लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल का लाभ यमकेश्वर के नागरिकों को भी मिलेगा और इस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार जनहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिये हमेशा तैयार है।

## ई–श्रम पोर्टल

केंद्र सरकार ने कहा है कि ई–श्रम पोर्टल पर 30 करोड़ 68 लाख से अधिक असंगठित कामगार पंजीकृ त हो चुके हैं। असंगठित कामगारों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए वर्ष 2021 में यह पोर्टल शुरू किया गया था। लोकसभा में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि कुल पंजीकृत कामगारों में 53 प्रतिशत से अधिक महिलाएँ हैं।

## डेस्टिनेशन वेडिंग

उत्तराखण्ड सरकार, राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने पर्यटन विभाग को "डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड" के लिए जल्द गाइडलाइन तैयार करने को कहा है। साथ ही त्रियुगीनारायण में सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के और वहां हेलीपैड का निर्माण करने के निर्देश भी दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए नए स्थानों की पहचान की जाए और उनके विकास पर ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डेस्टिनेशन वेडिंग से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उत्तराखण्ड का प्राकृतिक सौंदर्य और आधुनिक सुविधाएं इसे एक प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने में सहायक होंगी।

## निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा की सभी व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यात्रा शुरू होने से पहले सड़कों, पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया जाए। यातायात प्रबंधन और पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने ग्रीन चारधाम यात्रा अभियान की शुरुआत करने के निर्देश दिए, साथ ही हेलीकॉप्टर टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए विजिलेंस को सतर्क रहने को कहा। यात्रा मार्गों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही गई, जिसमें पिंक टॉयलेट और पर्याप्त शौचालयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने और संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी की योजना पर भी जोर दिया गया।

## किसान मेला संपन्न

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में आयोजित 117वें अखिल भारतीय किसान मेले सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की और किसानों व छात्रों के उत्साह की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि जैविक खेती में अग्रणी स्थान बनाने की दिशा में उत्तराखंड आगे बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए डेढ करोड़ का कॉर्पस फंड स्थापित किया गया है। उन्होंने मेले में लगे बुकस्टॉल को विशेष आकर्षण बताया, जिसने छात्रों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। इस मेले की सबसे बड़ी उपलब्धि ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर जागरूकता गोष्ठी और छात्रों को रीडिंग के प्रति प्रेरित करना रहा। मेले में करीब 20 हजार किसानों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन बेहद सफल रहा।

## चयन

रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि ब्लॉक स्थित राजकीय इंटर कॉलेज खेड़ाखाल–नवासू में कार्यरत व्यायाम शिक्षक प्रभात सिंह पुंडीर का चयन अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वह जिले से एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्हें प्रदेश की टीम में स्थान मिला है। राज्य स्तर पर ट्रायल के आधार पर चयनित क्रिकेट खिलाड़ी पुंडीर नई दिल्ली सचिवालय की 17 से 23 मार्च तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम से खेलेंगे। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से सिविल सर्विसेज के खिलाड़ी क्रिकेट, हॉकी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम जैसी स्पर्धाओं में भाग लेते हैं।

सम्मान

हरिद्वार जिले के पुलिस मुख्यालय में आयोजित सैनिक सम्मेलन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने क्राइम वर्काउट में सराहनीय कार्य के लिए 38 जवानों को सम्मानित किया। इसके साथ ही रुड़की अग्निकांड की घटना में साहसिक कार्य करने वाले तीन आम नागरिकों को भी प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– हरित चारधाम यात्रा पर फोकस... चारधाम रूट पर यात्रियों की सेहत का ध्यान रखेंगे स्वास्थ्य मित्र...

उत्तराखंड में चार शहरों के लिए आज से शुरू होगी हवाई सेवा.. अमर उजाला इस शीर्षक के साथ लिखता है– दून से नैनीताल और बागेश्वर, हल्द्वानी से बागेश्वर, और जौलीग्रांट से मसूरी तक के लिए हवाई सेवा का सीएम धामी करेंगे शुभारंभ।

उत्तराखंड भाजपा ने किया 18 जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान... इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है कि नये प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

उत्तराखंड में लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए गठित की गई समिति– अमर उजाला का शीर्षक है।

और उत्तराखंड में एक बार फिर से मौसम बदलने के आसार है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– प्रदेश में कल से पांच दिन बारिश का बर्फबारी के आसार।